**Report of Economics Department 2022-23**

A **Quiz Competition** was organised by the department ON 11.11.2022. The result was:

| | |
|---|---|
| First Team – | Aryan Gupta B.Com II |
| | Pooja BA III |
| | Prithu Sharma B.Com II |
| Second Team – | Mukta Bharti BA II |
| | David BA II |
| | Meenu B.A III |
| Third Team - | Rajat BA III |
| | Atharva B.Com I |
| | Tamanna BA II |

A **motivational lecture** was also given by Mr. Vineet, an Alumnus of the department.

5 students of the department attended '**Leadership Training Camp for College Students'** organised by the Department of Economics of Guru Nanak Girls College, Yamunanagar in association with M.R. Pai Foundation and Forum for Free Enterprise, Mumbai from 23.11.2022 to 24.11.2022.

The department sent the following 2 students to participate in a **Declamation Competition** held on 25.11.2022 on the topic **'Satat Vikas ke Liye Sahakari Model'** organised by HERCOFED, Haryana.

The department organised a **PPT Contest for Final Year students** on the topics related to Indian Economy on 7.12.2022. Before the contest, students were given training on how to make PPT using smart phones by their teacher Ms Guneet.

**Union Budget 2023-24**, presented by the Finance Minister of India, was **shown live** to the students of the department on 1.2.2023 in the college conference hall. A discussion was followed by the presentation.

The students of the college participated in **State Level online Slogan Writing and Poster Making Competitions** organised by the Department of Economics, GNG College, Santpura, Yamunanagar on the occasion of the World Cancer Day on the theme **'Close the Care Gap'** on 4.2.2023. The students of the college got the following positions:

- Shivani - First Prize in Poster Making Competition.
- Shuchita – First Prize in Slogan Writing Competition.

Versha – Third Prize in Slogan Writing Competition.

Students of the department attended in a discussion on **Union Budget 2023-24** on 8.2.2023 organised by the department of Commerce in association with ICAI, Yamunanagar Chapter.

Students of the department took part in March Past and Sports Day activities on Annual Sports Day on 28.2.2023.

A Symposium on **'Vision of India @2047 : Challenges and Opportunities'** was organised by the department on 4.3.2023. Sh. Anshuman Tiwari, Economic Journalist and Editor Money9 was the Keynote speaker. 115 students of various colleges alongwith faculty participated in the programme.

Quiz Competition






DEPARTMENT OF ECONOMICS
Maharaja Agrasen (PG) College
JAGADHRI
WELCOMESYOU
1971-2021


2022.11.12 11:23

हरिभूमि

रोहतक - यमुनानगर

15 Nov 2022

# राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका: डॉ. बाजपेयी

- अंतरकक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रजत एंड टीम ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में लीगल लिटरेसी सेल एवं यूथ रेडक्रास के तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं, कॉलेज के अर्थ शास्त्र विभाग द्वारा अंतरकक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी ने किया। अर्थशास्त्र विभाग की सीनियर प्रो. पूनम गर्ग व विभागाध्यक्ष डॉ. करुणा ने संयुक्त रुप से बताया कि अंतरकक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रजत, अथर्व व तमन्ना की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, मुक्ता भारती, डेविड व मीनू की टीम ने द्वितीय और आर्यन गुप्ता, पूजा व पृथु शर्मा की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, युवाओं को राष्ट्र के प्रति जागरूक करने के लिए वर्तमान में युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए देश के निर्माण में अहम भूमिका निभाने का प्रण लिया।



**यमुनानगर।** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी पुरस्कार पाकर स्टॉफ के साथ खुशी जताते हुए।

## बाल दिवस मनाने के उद्देश्य की जानकारी दी

मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी ने कहा कि आज के समय में देश को मजबूत बनाने के लिए युवाओं की अहम भूमिका है। बिना युवाओं के ना तो कोई देश तरक्की कर सकता है और ना ही आने वाले देश में तरक्की कर पाएगा। मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विजय चावला ने विद्यार्थियों को बाल दिवस मनाने के पीछे उद्देश्य के बारे में बड़े विस्तार से चर्चा की। डॉ. चावला ने कहा कि नेहरू का बच्चों के प्रति विशेष लगाव था। इसलिए इस दिन को हमेशा बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर प्रो. गौरव खेजा, डॉ. सीमा गुप्ता ने कार्यक्रम के सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग दिया।

# प्रश्नोत्तरी में रजत, अथर्व तमन्ना की टीम रही अव्वल



प्रतियोगिता विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**जगाधरी।** महाराजा अग्रसेन कॉलेज में सोमवार को अंतर कक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता अर्थशास्त्र विभाग की ओर से कॉलेज के सभागार में करवाई गई।

प्रतियोगिता में कॉलेज के विभिन्न कक्षाओं की कुल 11 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. पीके वाजपेयी ने किया। यहां डॉ. पीके ने कहा ऐसी गतिविधियों में भाग लेने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास पैदा होता है। वहीं उनमें समूह व दल में कार्य करने की क्षमताओं का विकास होता है।

यह गुण उत्थान के लिए बेहद जरूरी है। मनोबल से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में नियमित रूप से भाग लेना चाहिए। इस दौरान विभिन्न चरणों में अर्थशास्त्र के माइक्रो, मैक्रो, भारतीय अर्थव्यवस्था, वित्त व्यवस्था, सरकारी नीतियां, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, रिजर्व बैंक, नीति आयोग इत्यादि संबंधित विषयों पर प्रश्न पूछे गए।

प्रतियोगिता विभागाध्यक्ष डॉ. करुणा व अर्थशास्त्र विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका पूनम गर्ग की देखरेख में करवाई गई।

प्रतियोगिता में पहला स्थान रजत, अथर्व व तमन्ना की टीम ने प्राप्त किया। जबकि द्वितीय स्थान पर मुक्ता भारती, डेविड व मीनू की टीम रही। आर्यन गुप्ता, पूजा तथा पृथु शर्मा की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन सदस्या गुनीत ने किया। अंत में विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

Live Telecast and Discussion on Union Budget










दैनिक भास्कर यमुनानगर भास्कर 02-02-2023


## इस बार का बजट पिछले वर्षों से ज्यादा सकारात्मक : डॉ. करुणा

यमुनानगर| महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के अंतर्गत विभागाध्यक्ष डॉ. करुणा के नेतृत्व में विद्यार्थियों को बजट 2023-24 दिखाया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया लेखा-जोखा सुना गया।डॉ. करुणा ने कहा कि बजट पिछले वर्षों से कहीं ज्यादा सकारात्मक व उन्नति की ओर उन्मुख दिखाई दे रहा है।



Winners of **State Level online Slogan Writing and Poster Making Competitions** organised by the





GURU NANAK GIRLS COLLEGE
(A Multi-Faculty Post-Graduate Institution)
Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra
Accredited Grade 'A' by NAAC
SANTPURA, YAMUNA NAGAR (HARYANA)

Certificate Of Honour

SESSION 2022-23

Awarded to Shivani Sharma


Roll No. 1212512002021 Class BA Sem 4

of Maharaja Agrasen College, Jagadhri

for Participation in Poster Making Competition (Cancer D... Feb 4, 202...

Distinction First Prize

INCHARGE PRINCIPAL


GURU NANAK GIRLS COLLEGE
(A Multi-Faculty Post-Graduate Institution)
Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra
Accredited Grade 'A' by NAAC
SANTPURA, YAMUNA NAGAR (HARYANA)

Certificate Of Honour

SESSION 2022-23

Awarded to Suchita Kumari


Roll No. 1212512002104 Class BA Sem 4

of Maharaja Agrasen College, Jagadhri

for Participation in Slogan Writing Competition (Feb 4, 2023)

Distinction First Prize

INCHARGE PRINCIPAL


GURU NANAK GIRLS COLLEGE
(A Multi-Faculty Post-Graduate Institution)
Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra
Accredited Grade 'A' by NAAC
SANTPURA, YAMUNA NAGAR (HARYANA)

Certificate Of Honour

SESSION 2022-23

Awarded to Varsha

Roll No. 1212512002035 Class BA Sem 4

of Maharaja Agrasen College, Jagadhri

for Participation in Slogan Writing Comp. (World Cancer Day Feb 4, 2023)

Distinction Third Prize

INCHARGE PRINCIPAL

Students Participated in a discussion on **Union Budget 2023-24** organised by the department of Commerce in association with ICAI, Yamunanagar Chapter.






## बजट में किए गए प्रावधानों पर की चर्चा

**जगाधरी।** महाराजा अग्रसेन कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय लेक्चर श्रृंखला का समापन हो गया। प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी ने कहा कि भारत में आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी व वैचारिक क्रांति का एक नया युग शुरू हो चुका है और यह युग भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ युग साबित होगा। आज के सेशन में प्रोफेसर पूनम गर्ग ने बजट तथा संभावनाओं का विकास और प्रो. गौरव बरेजा ने बजट तथा युवा शक्ति विषय के लिए बजट में किए गए प्रावधानों पर चर्चा की। प्रोग्राम की संयोजिका तथा आईक्यूऐसी कॉर्डिनेटर डॉ. करुणा ने मुख्य अतिथि डॉ. पीके बाजपेयी का धन्यवाद किया। संवाद

हरिभूमि

रोहतक - यमुनानगर

25 Feb 2023

# भारत में वैचारिक क्रांति के नए युग का हुआ शुभारंभ

- महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में चल रही सात दिवसीय लेक्चर श्रृंखला का हुआ समापन
- समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी ने विद्यार्थियों के साथ सांझा किए विचार



यमुनानगर। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में सात दिवसीय लेक्चर श्रृंखला के समापन पर वक्ता के विचार सुनते हुए विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में चल रही सात दिवसीय लेक्चर श्रृंखला का शुक्रवार को समापन हो गया। श्रृंखला के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी ने भाग लिया।

मुख्यातिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी ने विद्यार्थियों को बताया कि भारत में आर्थिक, सामाजिक, तकनीकि व वैचारिक क्रांति का नया युग शुरु हो चुका है। यही वजह है कि आने वाला समय भारत देश के लिए सर्वश्रेष्ठ काल सिद्ध होगा। हमें इस बदलते हुए युग के अनुसार अपने को तैयार करना होगा। मौके पर प्रोफेसर पूनम गर्ग ने बजट तथा सम्भावनाओं का विकास और प्रोफेसर गौरव बरेजा ने बजट तथा युवा शक्ति विषय पर सरकार की योजनाओं के लिए किए गए प्रावधानों पर चर्चा की।

## आभार प्रकट किया

प्रोग्राम की संयोजिका तथा आईक्यूऐसी कॉर्डिनेटर डॉक्टर करुणा ने मुख्यातिथि डॉ. पीके बाजपेयी समेत अन्य अतिथियों का धन्यवाद किया। उन्होंने श्रृंखला में पेपर प्रस्तुत करने वाले सभी प्राध्यापकों का आभार प्रकट किया। डॉ. करुणा ने कहा कि इस प्रकार के प्रोग्राम ना केवल विचारों को साझा करते हैं बल्कि इनसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंथन भी होता है। आइक्यूएसी ने भविष्य में भी इसी प्रकार के प्रोग्राम कराते रहने का प्रण लिया।

# महाराजा अग्रसेन कालेज में बजट पर हुई चर्चा

जासं, यमुनानगर : महाराजा अग्रसेन कालेज में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित बजट का आर्थिक विकास पर प्रभाव विषय पर परिचर्चा की गई। इसी संबंध में डा. सीमा ने बजट व ग्रीन ग्रोथ, डा. अनीता ने बजट व आधारभूत संरचना और लेफ्टिनेंट अनिल ने बजट की सब तक पहुंच विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। डा. पीके बाजपेयी ने कहा कि बजट ने न केवल अमृत काल के विकास की नींव रखी है, बल्कि समाज के सभी वर्गों को विकास का भागीदार बनाया है। बजट में अपनाई गई स्ट्रेटजी ना केवल आर्थिक विकास की दर बढ़ाएगी बल्कि सभी वर्गों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में कारगर सिद्ध होगी।

Students of the department took part **in March Past and Sports Day activities** on Annual Sports Day on 28.2.2023.






Symposium on **'Vision of India @2047 : Challenges and Opportunities'**




MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA
JAGADHRI
SYMPOSIUM ON
JAGADHRI


तमसो मा ज्योतिर्गमय
MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA
JAGADHRI
SYMPOSIUM ON
VISION OF INDIA @ 2047
OPPORTUNITIES AND CHALLENGES
KEYNOTE SPEAKER MR ANSHUMAN TIWARI
ECONOMIC JOURNALIST AND EDITOR MONEY 9
4TH MARCH 2023
ORGANISED BY
DEPARTMENT OF ECONOMICS AND COMMERCE
Under The Aegis of IQAC


Dr P. K. Bajpai






PREVENTION OF
CYBER CRIME



# अर्थव्यवस्था की चुनौतियों पर मंथन

## महाराजा अग्रसेन कॉलेज में विभाजन के बाद अवसर व चुनौती पर संगोष्ठी



महाराजा अग्रसेन कॉलेज में संगोष्ठी के दौरान मौजूद विद्यार्थी व प्राध्यापक। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**जगाधरी।** महाराजा अग्रसेन कॉलेज में आईक्यूएसी व अर्थशास्त्र व कामर्स की ओर से भारत का विजन 2047 अवसर व चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी करवाई गई। मुख्य वक्ता आर्थिक व राजनैतिक विश्लेषक अनशुमन तिवारी ने कहा कि बजट में 2047 तक के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था का विजन अच्छा रखा गया है। लोगों को अर्थव्यवस्था से बहुत उम्मीदें भी हैं, लेकिन अर्थव्यवस्था बहुत चुनौतियों से गुजर रही है।

उन्होंने कहा कि मांग में कमी, वास्तविक आय में कम दर से बढ़ौतरी, टैक्स की अधिकता, सरकार द्वारा टैक्स से लोगो की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति न होना, कम आय वाले लोगों का कुल जनसंख्या में अधिक अनुपात, रोजगार के अवसरों की कमी इत्यादि पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि जब तक स्थानीय अर्थव्यवस्था का विकास नहीं होगा और उसके लिए आवश्यक कौशल का निर्माण नहीं होगा, तब तक सपनों के भारत की परिकल्पना को साकार करना कठिन है।

संगोष्ठी में अन्य कॉलेजों के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी ने कहा कि हर नागरिक को भारत का अपने हिस्से का सपना देखना चाहिए। जब तक नागरिक अपना दायित्व पूरा नहीं करता तब तक वह सर्वश्रेष्ठ भारत के सपने को भी पूरा नहीं कर सकेंगे। कार्यक्रम अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा डॉ. करुणा के नेतृत्व में हुई। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा गुप्ता व पूनम गर्ग ने व्यवस्था देखी।


हरिभूमि

रोहतक - यमुनानगर

5 Mar 2023


# चुनौतियों से गुजर रही अर्थव्यवस्था

- महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में भारत का विजन 2047 व अर्थव्यवस्था चुनौतियों विषय पर आयोजित हुई संगोष्ठी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**



यमुनानगर। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में आयोजित संगोष्ठी में अपने विचार रखते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में अर्थशास्त्र व कॉमर्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भारत का विजन 2047 व अर्थव्यवस्था चुनौतियां विषय पर शनिवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप आर्थिक व राजनैतिक विश्लेषक अंशुमन तिवारी ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी मौजूद रहे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा डॉ. करूणा ने की। मुख्य वक्ता एवं आर्थिक विश्लेषक अंशुमन तिवारी ने कहा की बजट में 2047 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था का विजन बहुत अच्छा रखा गया है। भारतीयों को अर्थव्यवस्था से बहुत उम्मीदें भी हैं। लेकिन अर्थव्यवस्था बहुत सी चुनौतियों से गुजर रही है। मौके पर विशिष्ठ अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी ने कहा कि हर नागरिक को सर्वश्रेष्ठ भारत का अपने हिस्से का सपना देखना चाहिए। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा गुप्ता ने मंच की अध्यक्षता की और मैडम पूनम गर्ग ने अतिथियों का धन्यवाद किया।

# भाकिसं ने

- भाकिसं का मुख्य उदेश्य है देश भर में किसानों को संगठित करना : चौहान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**

भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में शनिवार को शहर स्थित किसान भवन में संघ का 44वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस समारोह में मुख्यातिथि के रुप में संघ के प्रांतीय महामंत्री रामबीर सिंह चौहान मौजूद रहे। वहीं, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पिंटू राणा ने की। मौके पर संघ के संस्थापक दंतोपंत ठेगंडी, भारत माता व भगवान बलराम के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। मुख्यातिथि एवं भारतीय किसान संघ के प्रदेश

# यमुनानगर में विशेष लोक अदालत 11 को

# बहुत सी चुनौतियों से गुजर रही अर्थव्यस्था : अंशुमन तिवारी

**संवाद सहयोगी, जगाधरी :** महाराजा अग्रसेन कालेज में अर्थशास्त्र तथा कामर्स विभाग द्वारा भारत का विजन 2047 अवसर व चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी हुई। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा डा. करूणा के नेतृत्व में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसका उद्घाटन कालेज के प्राचार्य डा. पीके बाजपेयी ने किया। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता मनी नौ के संपादक, स्तभकार और आर्थिक व राजनैतिक विश्लेषक अनशुमन तिवारी रहे।

उन्होंने कहा कि बजट में 2047 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था का विजन बहुत अच्छा रखा गया है और भारतीयों की अर्थव्यवस्था से बहुत उम्मीदें भी है, लेकिन अर्थव्यवस्था बहुत सी चुनौतियों से गुजर रही है।

उन्होंने इन चुनौतियों का विश्लेषण करते हुए कहा कि मांग में कमी, वास्तविक आय में कम दर से बढोतरी, टैक्सों की अधिकता, सरकार द्वारा इन टैक्सों से लोगों की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति न होना, कम आय वाले लोगों का कुल जनसंख्या में अधिक अनुपात, रोजगार के अवसरों की कमी आदि इसके मुख्य कारण हैं। जब तक लोकल अर्थव्यवस्था का विकास नहीं होगा और उसके लिए आवश्यक कौशल का निर्माण नहीं होगा।

तब तक आम लोगों के सपनों के भारत की परिकल्पना को साकार करना काफी कठिन है।